दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 107 मुरादाबाद, 05 August 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में

## सीएम योगी ने कहा, शिक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, किसान और महिलाओं के लिए समर्पित भाव से कार्य करें

मुख्यमंत्री ने शोधार्थियों से कहा कि अपने विकास खंडों को प्रदेश के सामान्य ब्लॉकों की श्रेणी में लाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ मेहनत करें। इस कार्य में मदद के लिए आप सभी अपने मुख्य विकास अधिकारी और खंड विकास अधिकारी के साथ मिलकर अपने जमीनी अनुभवों को साझा करें।मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना के अंतर्गत प्रदेश के आकांक्षात्मक विकासखंडों में कार्य कर रहे शोधार्थी स्वयं को योजक के रूप में मानकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करें। देखें कि आपके विकासखंडों में शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान, महिला और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कैसे बेहतरीन कार्य किया जा सकता है। जो शोधार्थी अपने तीन साल का टेन्योर मेहनत और प्रतिबद्धता के साथ पूरा करेगा व बेहतरीन शोध प्रबंधन लिखकर प्रस्तुत करेगा, सरकार की ओर से उसे एज रिलेक्सेशन के साथ सरकारी नौकरी में भी वेटेज प्रदान किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना से संबंधित कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कही।



### आत्मनिर्भर होंगे गांव तो देश भी उसी अनुपात में होगा आत्मनिर्भर

उन्होंने कहा कि 2018 में नीति आयोग ने देश के 112 जनपदों को आकांक्षात्मक जनपद के रूप में चयनित किया था। इनमें उत्तर प्रदेश के आठ जिले, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, चंदौली, सोनभद्र, चित्रकूट और फतेहपुर जनपद शामिल किये गये। ये वो जनपद थे जो विकास की मुख्य धारा से पीछे छूट गये थे। उत्तर प्रदेश के सभी 8 जनपद देश के 112 आकांक्षात्मक जनपदों की लिस्ट में भी सर्वाधिक पिछड़े स्थान पर थे। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और जल संसाधन, रोजगार, स्किल डेवलपमेंट, फाइनेंशियल इन्क्लूजन और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में ये जिले पिछड़े थे। मगर ये हर्ष का विषय है कि टीम वर्क और नियमित मॉनीटरिंग के कारण आज हमारे 8 में से 4 जनपद देश के टॉप 10 आकांक्षात्मक जनपद में जबकि, टॉप 20 में सभी हमारे सभी 8 जनपद शामिल हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के विकास की धुरी गांव हैं। ग्रामीण व्यवस्था जितना आत्मनिर्भर होगी, देश और प्रदेश भी उसी अनुपात में आत्मनिर्भर होगा।

### लक्ष्य निर्धारित कर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें शोधार्थी

मुख्यमंत्री ने कहा कि ना तो हमारे पास फंड की कमी है और ना ही मैन पॉवर की। हमारे शोधार्थी जोकि तीन साल के लिए फेलोशिप पर अपने अपने विकासखंडों में कार्य कर रहे हैं वे योजक बनकर कार्य करें। ये सुनिश्चित करें कि हम सरकार की योजनाओं को कैसे जनता के साथ जोड़ सकते हैं। सभी शोधार्थी एक लक्ष्य लेकर चलें कि जबतक उनके फेलोशिप का टेन्योर खत्म हो तबतक उनका ब्लॉक सर्व शिक्षा अभियान में शत प्रतिशत हो, उनका ब्लॉक टीबी मुक्त हो चुका हो। इसके साथ ही किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी और महिला एवं बालिकाओं से जुड़ी सरकारी स्कीम भी जनता के बीच लेकर जाएं और योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करें। ये सुनिश्चित करें कि आपके ब्लॉक के हर गांव के शत प्रतिशत बच्चे स्कूल जा रहे हैं। बेटियों को कन्या सुमंगला योजना का लाभ मिल रहा है। किसानों को किसान सम्मान निधि और फसल बीमा योजना का लाभ मिल रहा है। आपके विकासखंड में पर्यटन की क्या संभावनाएं हो सकती हैं, ये भी देखें। संचारी रोगों से मुक्त रखने के लिए अपने क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक करें। यही भी सुनिश्चित करें कि आपके क्षेत्र में कैसे बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान की जा सकती है। इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी आवश्यकताओं को भी शासन के अधिकारियों को अवगत कराएं। प्रयास करें कि हर महीने आप 30 ग्राम पंचायतों का दौरा करें और अपनी रिपोर्ट तैयार करें।

### सीडीओ और बीडीओ से लगातार संपर्क में रहें

मुख्यमंत्री ने शोधार्थियों से कहा कि अपने विकास खंडों को प्रदेश के सामान्य ब्लॉकों की श्रेणी में लाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ मेहनत करें, ये आपके लिए एक बड़ा अवसर है। इस कार्य में मदद के लिए आप सभी अपने मुख्य विकास अधिकारी और खंड विकास अधिकारी के साथ मिलकर अपने जमीनी अनुभवों को साझा करें। सीएम ने कहा कि सरकार योजनाएं चलाती है, मगर जनता को उससे जोड़ने का कार्य कठिन होता है, ऐसे में योजक के रूप में आप कार्य करें। ये सुनिश्चित करें कि सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाएं जमीन पर उतरकर लोगों के जीवन को बदल सके। प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार सहित सभी 100 आकांक्षात्मक विकास खंडों के शोधार्थी मौजूद रहे।

## खरगे ने बेरोजगारी को लेकर BJP पर साधा निशाना, कहा- पांच साल में सिर्फ 12.2 लाख नई नौकरियों का सृजन



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक ट्वीट में कहा, मोदी सरकार के तहत भारत में पिछले पांच वर्षों में केवल 12.2 लाख औपचारिक नौकरियां आई हैं! इसका मतलब है कि प्रति वर्ष औसतन सिर्फ 24,400 नौकरियां!कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल में पिछले पांच साल के दौरान संगठित क्षेत्र में सिर्फ 12.2 लाख नई नौकरियों का सृजन हुआ। साथ ही उन्होंने कहा कि गरीबों और मध्यम वर्ग के अस्तित्व के लिए भाजपा को सत्ता से बाहर फेंकना जरूरी है। खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा रोजगार उपलब्ध कराने में बुरी तरह विफल रही है।उन्होंने एक ट्वीट में कहा, मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत में पिछले पांच वर्षों में संगठित क्षेत्र की केवल 12.2 लाख नई नौकरियां सृजित की गईं! इसका मतलब है कि प्रति वर्ष औसतन सिर्फ 2,44,000 नौकरियां मिलीं! खरगे ने कहा, हम यह आंकड़े मनगढ़ंत नहीं बता रहे हैं। यह मोदी सरकार है जिसने यह विमर्श गढ़ा कि ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) में नियमित खाताधारकों की संख्या का मतलब उतनी नौकरियों का सृजन होता है! ईपीएफ डाटा इसकी पुष्टि करता है।कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, भाजपा ने प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरियों का वादा किया था, जिसका मतलब है कि नौ वर्षों में 18 करोड़ नौकरियां पैदा की जा सकती थीं। उन्होंने दावा किया कि हमारा युवा अंधकारमय भविष्य की ओर देख रहा है। उन्होंने कहा, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि सड़कों पर गुस्सा और हिंसा है। भाजपा रोजगार प्रदान करने में बुरी तरह विफल रही है! अकल्पनीय स्तर की बेरोजगारी, पीड़ादायक महंगाई और भाजपा द्वारा थोपी गई सुनियोजित नफरत के कारण यह विनाशकारी स्थिति पैदा हुई है। खरगे ने कहा, हमारे गरीबों और मध्यम वर्ग के अस्तित्व के लिए भाजपा को सत्ता से बाहर करने की जरूरत है। इंडिया के पास करने के लिए बहुत कुछ है। गौरतलब है कि कांग्रेस अर्थव्यवस्था को संभालने के तरीके को लेकर सरकार पर हमला करती रही है और आरोप लगाती रही है कि वह रोजगार पैदा करने में विफल रही है।

## मानहानि केस में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत, सजा पर रोक; बहाल हो सकती है सांसदी



सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, कोर्ट की टिप्पणी के अलावा ट्रायल जज द्वारा अधिकतम सजा देने का कोई विशेष कारण नहीं बताया गया। यदि सजा एक दिन भी कम होती तो अयोग्यता से संबंधित प्रावधान लागू नहीं होता।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मोदी सरनेम टिप्पणी पर आपराधिक मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट से फौरी राहत मिल गई है। कोर्ट ने शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश में कांग्रेस नेता की सजा पर फिलहाल रोक लगा दी। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने मोदी उपनाम टिप्पणी पर मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। ऐसे में बड़ी बात यह भी यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद राहुल लोकसभा सदस्यता बहाल हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, कोर्ट की टिप्पणी के अलावा ट्रायल जज द्वारा अधिकतम सजा देने का कोई विशेष कारण नहीं बताया गया। यदि सजा एक दिन भी कम होती तो अयोग्यता से संबंधित प्रावधान लागू नहीं होता। ट्रायल जज से कम से कम यह अपेक्षा की जाती है कि वह गैर संज्ञेय अपराध के लिए अधिकतम सजा देने के कारण बताएं। हालांकि, अपीलीय अदालत और हाईकोर्ट ने दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार करने में काफी पन्ने खर्च किए हैं, लेकिन इन पहलुओं पर ध्यान नहीं दिया गया है। ऐसे मामलों में सार्वजनिक व्यक्ति से कुछ हद तक सावधानी बरतने की अपेक्षा की जाती है। आदेश के मुताबिक, ट्रायल कोर्ट के आदेश के प्रभाव व्यापक हैं। इससे न केवल राहुल गांधी का सार्वजनिक जीवन में बने रहने का अधिकार प्रभावित हुआ, बल्कि उन्हें चुनने वाले मतदाताओं का अधिकार भी प्रभावित हुआ। इन बातों को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से यह कि ट्रायल जज द्वारा अधिकतम सजा के लिए कोई कारण नहीं दिया गया है जिससे अयोग्यता हुई है, कार्यवाही के लंबित रहने तक दोषसिद्धि के आदेश पर रोक लगाने की जरूरत है। अपील के लंबित रहने से अपीलीय अदालत को कानून के अनुसार निर्णय लेने में कोई दिक्कत नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि बयान अच्छे मूड में नहीं होते हैं। सार्वजनिक जीवन में व्यक्ति से सार्वजनिक भाषण देते समय सावधानी बरतने की उम्मीद की जाती है। कोर्ट ने अवमानना याचिका में राहुल के हलफनामे को स्वीकार करते हुए कहा कि उन्हें अधिक सावधान रहना चाहिए था। राहुल के वकील की दलील- इससे पहले राहुल गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने बहस शुरू की। सुप्रीम कोर्ट ने सिंघवी से कहा कि उन्हें सजा पर रोक के लिए आज एक असाधारण मामला बनाना होगा। राहुल गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी का मूल उपनाम मोदी नहीं है और उन्होंने बाद में यह उपनाम अपनाया। राहुल ने अपने भाषण के दौरान जिन लोगों का नाम लिया था, उनमें से एक ने भी मुकदमा नहीं किया। यह 13 करोड़ लोगों का एक छोटा सा समुदाय है और इसमें कोई एकरूपता या समानता नहीं है। सिंघवी ने कहा कि इस समुदाय में केवल वही लोग पीड़ित हैं जो भाजपा के पदाधिकारी हैं और मुकदमा कर रहे हैं। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि जज इसे नैतिक अधमता से जुड़ा गंभीर अपराध मानते हैं। यह गैर-संज्ञेय और जमानती अपराध है। मामले में कोई अपहरण, बलात्कार या हत्या नहीं की गई है। यह नैतिक अधमता से जुड़ा अपराध कैसे बन सकता है? उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में हम असहमति रखते हैं। राहुल गांधी कोई कट्टर अपराधी नहीं हैं। राहुल गांधी पहले ही संसद के दो सत्रों से दूर रह चुके हैं। पूर्णेश मोदी के वकील की दलील- मोदी सरनेम टिप्पणी मामले में शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने तर्क दिया कि पूरा भाषण 50 मिनट से अधिक समय का था और भारत के चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में भाषण के ढेर सारे सबूत और क्लिपिंग संलग्न हैं। जेठमलानी का कहना है कि राहुल गांधी ने द्वेषवश एक पूरे वर्ग को बदनाम किया है। सुप्रीम कोर्ट ने पहले राहुल गांधी को आगाह किया था, जब उन्होंने कहा था कि राफेल मामले में शीर्ष अदालत ने प्रधानमंत्री को दोषी ठहराया है। उन्होंने कहा कि उनके आचरण में कोई बदलाव नहीं आया है। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- अधिकतम सजा क्यों दी गई? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गुजरात हाईकोर्ट का फैसला काफी दिलचस्प है। राहुल गांधी की सजा कम भी हो सकती थी। वह जानना चाहता है कि अधिकतम सजा क्यों दी गई? कोर्ट का मानना है कि अगर जज ने एक साल 11 महीने की सजा दी होती तो राहुल गांधी अयोग्य नहीं ठहराए जाते। पिछली सुनवाई पर जारी किए थे नोटिस- इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका पर गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने कहा था कि इस स्तर पर सीमित प्रश्न यह है कि क्या दोषसिद्धि निलंबित किए जाने योग्य है? पूर्णेश मोदी और राहुल गांधी ने कोर्ट के समक्ष अपने-अपने जवाब दाखिल कर दिए थे। पहले जानिए क्या है मामला- 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक के कोलार की एक रैली में राहुल गांधी ने कहा था, कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है? इसी को लेकर भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। राहुल के खिलाफ आईपीसी की धारा 499 और 500 (मानहानि) के तहत मामला दर्ज किया गया था। निचली अदालतों में क्या-क्या हुआ?- 23 मार्च को निचली अदालत ने राहुल को दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा सुनाई थी। इसके अगले ही दिन राहुल की लोकसभा सदस्यता चली गई थी। राहुल की अपना सरकारी घर भी खाली करना पड़ा था। निचली अदालत के इस फैसले के खिलाफ दो अप्रैल को राहुल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जस्टिस प्रच्छक ने मई में राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सात जुलाई को कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाया और राहुल की याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने क्या कहा था? गुजरात हाइकोर्ट ने राहुल की याचिका खारिज करते हुए कहा था कि राजनीति में शुचिता' अब समय की मांग है। जनप्रतिनिधियों को साफ छवि का होना चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा था कि दोषसिद्धि पर रोक लगाना नियम नहीं, बल्कि अपवाद है। इसे विरले मामलों में ही इस्तेमाल किया जाता है। जस्टिस प्रच्छक ने 125 पेज के अपने फैसले में कहा था कि राहुल गांधी पहले ही देशभर में 10 मामलों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में निचली अदालत का आदेश न्यायसंगत, उचित और वैध है।पूर्णेश मोदी ने हलफनामे में क्या कहा?- कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि मामले में शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी ने 31 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि राहुल गांधी ने अपनी सभी चोरों के नाम मोदी उपनाम वाली टिप्पणी पर माफी मांगने के बजाय अहंकार दिखाया है। पूर्णेश मोदी ने कहा कि राहुल ने अपने लापरवाह और दुर्भावनापूर्ण शब्दों से पूरी तरह से निर्दोष वर्ग के लोगों को बदनाम किया है। ट्रायल कोर्ट के समक्ष सजा सुनाते समय याचिकाकर्ता (राहुल) ने पश्चाताप और खेद व्यक्त करने के बजाय अहंकार दिखाया। उन्होंने दलील दी थी राहुल गांधी ने कई मौकों पर अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगने से मना कर दिया है। राहुल की दोषसिद्धि और सजा को रद्द नहीं किया जाना चाहिए

# संपादकीय Editorial

## Nuh's Monu-Bittu

Nuh's communal darkness seems calm at the moment, but what is hidden, its possibilities cannot even be told. Although the Supreme Court has ordered that the governments should decide that no hate speech should be given. The atmosphere should not be provoked. There should be no scope for violence, so additional security forces should be deployed. Peace and harmony should prevail. This responsibility has been fixed on the governments of Haryana, Delhi, UP and the Centre. The court has also ordered videography and recording of processions, rallies, demonstrations etc. Presently the hearing is going on. Monu Manesar and Bittu Bajrangi, the alleged cow vigilantes, have been portrayed as 'villains' in the entire episode of Nuh violence. Was a sensitive area of Haryana engulfed in violence and riots just because of two Hindutva faces? Were conditions created for communal discord? Six innocents were killed and more than 70 were injured. Anjali Jain, Additional Chief Judicial Magistrate of the district court, had to survive by hiding in a workshop for hours, along with her three-year-old daughter. His car was attacked by over 100 rioters with stone pelting. Has even a judge become communal? Was this attack also because of the provocative video of Monu-Bittu? Now the migrant laborers of Nuh have also started migrating.

There are also many Muslims among them. There were two attempts to attack a Gurukul near Gurugram. Many thanks to those anonymous villagers who saved Gurukul from ruins by risking their lives. Innocent shopkeepers and traders were looted, their establishments were burnt to ashes, properties worth crores were destroyed and some traders were killed and thrown on the roadside. Can such a situation be created because of Monu and Bittu? Who are these two faces…? Criminal cases are registered against him in Haryana as well, yet why is he being given protection like a 'Jamata'? In this context, there is a contradiction in the statements of the Chief Minister, the Deputy Chief Minister and the Home Minister. This is the basic crime of BJP and Haryana government. In fact, Chief Minister Manohar Lal Khattar has proved to be a failure during every incident and confrontation. Be it the Jat reservation movement or the public violence that broke out after Ram Rahim was sentenced by the court! On the Nuh violence, the Chief Minister has given a statement that the police or the army cannot provide security to every person. The people of Haryana and the country also know this reality, but the government has its own confession. What is the meaning of law and order and intelligence? If governments cannot ensure the safety of common citizens, then resign. However, the public will decide in the elections. It is surprising that the government is counting on figures that during the last 5 years, between 2017-22, there was no communal riot in Nuh, ever. Of course, there have been 211 incidents of communal violence and riots in the rest of Haryana. This half-truth should also be discussed in the court. The communal and hateful flames of Nuh have been spreading even to the cities like Gurugram, Faridabad, Sohna, Palwal etc. The offices of 'blue chip' multinational companies are barely left in Gurugram. However, the reputation of our 'Cyber City' would have definitely been dented in the world! Nuh's questions and allegations are not limited to Monu, Bittu only. This district is also a 'Mini Terroristan'. During the violence, tension, the crowd kept shouting slogans of 'Pakistan Zindabad'. Just 20 kilometers away from Nuh, in a village, a mosque was being built, which was funded by the Pakistani terrorist organization 'Lashkar-e-Taiba'. National Investigation Agency raided the mosque.

# Biodiversity Bill 2022: The challenge of maintaining biodiversity

The climate of the whole world is changing rapidly, unseasonal storms, storms and rains are killing thousands of people. Along with this, rapid changes are being seen in all the seasons. The truth is that environment or biodiversity conservation is directly related to our existence. Recently, the Biodiversity (Amendment) Bill 2022 was passed without any objection in the monsoon session of the Lok Sabha. Basically, the bill amends the Biological Diversity Act of 2002, which was enacted to help India achieve the goals of the United Nations Convention on Biological Diversity (CBD). The CBD, established in 1992, recognizes that countries have an absolute right to control their biological diversity within their territories. The Bill was introduced in Parliament on December 16, 2021, by the Union Minister for Environment, Forest and Climate Change, Bhupendra Yadav. It was later referred to a Joint Committee on December 20, 2021, as concerns were raised that the amendment was in favor of industries and contrary to the spirit of the CBD. After examining it carefully, the Joint Committee submitted its report to the Parliament on 2 August 2022, suggesting that the bill may be approved after some minor changes. Rapid changes in the climate of the whole world It is happening, thousands of people are losing their lives due to unseasonal storms, storms and rains. Along with this, rapid changes are being seen in all the seasons. The truth is that environment or biodiversity conservation is directly related to our existence. According to the recently released "Living Planet Report" by the World Wildlife Fund (WWF), a 69 per cent decline in wildlife population has been recorded globally during 48 years between 1970 and 2018. It is surprising that about 83 percent of the population of the creatures found in the rivers is no longer left. Fishing has increased 18-fold since 1970, resulting in an average decline of 71 percent in shark populations. About one-third of the species of plants and animals found around the world are also on the verge of extinction. On one hand, the human population is increasing day by day, on the other hand, humans are spreading in their place by destroying other animals and plants. In fact, development has no meaning without conservation of biodiversity. What is in the amendment?- The important changes made in this bill promote the cultivation of medicinal plants and support the traditional Indian system of medicine. They encourage collaborative research and investment in this area. At the same time, it also reduces the requirements for obtaining permission from the National Biodiversity Authority for practitioners and companies making medicinal products. Its other objective is also to take the benefits of forest produce to the local people. Concrete steps have to be taken - In fact this amendment does not address the issues that are faced in biodiversity conservation in India. In such a situation, India will have to take adequate steps to meet the new conservation targets established at the 15th Conference of the Parties to the CBD to be held in Montreal in December 2022. The world now has only seven years left to meet these ambitious goals. It is also a fact that in all the international conferences and programs held for conservation of water, forests and land, there is a dispute between developing and developed countries on economic issues. Developed countries do not want to take more responsibility. They want that only developing countries should work to save biodiversity, warming climate, decreasing forests, extinct animals, polluted rivers in the world. Even they are not ready to provide adequate financial help for these works. For biodiversity, it is very important to have a balanced coordination between both modern development and nature conservation. Otherwise nature will have to bear the brunt of it. The crisis on biodiversity is the result of this. International organization World Wild Finishing Organization has warned in its report that by 2030, 60 percent of the dense forests will be destroyed. Due to the reduction of carbon dioxide in the atmosphere due to deforestation, carbon adsorption will pose a threat to vegetation and naturally established biodiversity. One such threat is climate change. As a result, many species of fauna of the Western Ghats of our country are rapidly disappearing. It is very important to strike a balanced balance between both modern development and nature conservation for biodiversity. Otherwise we all will have to bear the consequences. In fact, the global crisis of Corona was the result of this and is still continuing. About 50 species of animals and plants are becoming extinct daily, so today it is necessary to conserve the ecosystem. It should be in our thinking that the importance of living beings is no less than us. The United Nations has also said that civilization and culture are of great importance. Overall, there is a need for the positive participation of the public along with the efforts of the government for the honest exploitation of the country's natural resources and conservation of biodiversity. Awareness has to be spread among the public, only then it will be protected. The question of conservation of biodiversity is linked to the existence of the earth. So the whole world is seriously considering how to save the world's gene pool.Solid decision has to be taken.

# Don't tolerate hate speech

The Supreme Court directed the Central and State Governments to take appropriate legal action against hate statements or statements that spread hatred between two communities and video monitoring the rallies of Vishwa Hindu Parishad and Bajrang Dal. This instruction that appropriate legal action should be taken against hate statements or statements that spread hatred between two communities and deployment of police and security forces keeping video surveillance on the rallies of Vishwa Hindu Parishad and Bajrang Dal is completely timely and in favor of national unity. Is. The kind of communal violence that we have seen recently in Gurugram including Nuh and other towns of Mewat area of Haryana raises the question whether some people want to end the peace and harmony of this country under the guise of religion and Want to make Indian citizens enemies of each other by wearing religious cloak? This work can definitely be done by spreading hatred or hatred because violence arises from hatred. How do we forget that the main cause of this violence is a criminal Sonu Manesar who has a serious allegation of burning alive two innocent Muslim youths. If such a person declares to participate in the procession of Lord Shankar's Nalhar temple to be held in the month of Sawan, then first of all the Hindus should have saved their religious journey from being polluted and the police of the area should have taken full precautions. It should have been said because Lord Shankar himself is the symbol of 'Girl Paan'. If Sonu Manesar was plotting to incite communal disharmony among the people of Mewat on the pretext of visiting the Nalhar temple, then the administration should have been alert in time and thwarted this attempt, but this could not happen and the rioters were punished for burning public and private property. Also got the opportunity to kill innocent people. The society will have to recognize these rioters and the mask of religion will have to be removed from their faces. But what happened that in Gurugram itself, these rioters wearing masks burnt the shops and houses of the people of a particular community and some Hindu shops and houses also came under its influence? This proved that the riot has nothing to do with religion, its only goal is to create panic in the society and consider the people of a community as enemies, so that hatred and hatred can spread and violence can spread. The Supreme Court had long ago ordered that the administration of the State Governments should take action under the relevant section of the Indian Penal Code against those who are involved in promoting enmity between two communities. But we are seeing and experience so far shows that laxity is practiced in this matter. How many times should it be mentioned that India is as much a country of Muslims as it is of Hindus because the forefathers of both have played their respective roles in making it developed and advanced. The blood of both is involved in the soil of this country. Do the people of Bajrang Dal or Vishwa Hindu Parishad have any idea about the history of Mewat? Mewati Muslims are such Indian Muslims who keep the complete history of their Hindu ancestors with them and get their new generations' horoscopes made on the basis of their gotra. The area of Mewat comes in a way in the Braj region only. Therefore, they also have reverence for Lord Krishna and feel proud to call themselves Brajvasi. Along with celebrating the festival of Holi-Diwali, they definitely celebrate other Teej-festivals of Hindus in a symbolic form and celebrate Eid as well. These are the Mewati Muslims who happily gave way to Delhi to the Maratha Sardar Bajirao Peshwa, who set out on a campaign against the Mughal Emperor Muhammad Shah Rangeela in 1719, because the emperor stationed his huge army in Mathura under the leadership of Nawab Saadat Khan of Awadh. and Bajirao Peshwa was marching from Gwalior towards Delhi. The question is, who are we fighting with? Against whom organizations like Bajrang Dal are spewing venom? They are our people and are among us.

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# 75 साल बाद मुख्य संपर्क मार्ग से जुड़ेगा दरियापुर गांव, लोगों को मिलेगी राहत

मुरादाबाद- पूर्व राज्यसभा सदस्य सैयद जफर इस्लाम एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के प्रयासों से अब दरियापुर के ग्रामीणों को फायदा मिलेगा। क्योंकि यह गांव आजादी के 75 साल से आज तक मुख्य मार्ग से नहीं जुड़ पाया। इससे गांव वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को गांव तक जाने के लिए बिजनौर के रास्ते का सहारा लेना पड़ता है। कांठ तहसील क्षेत्र में कांठ विधानसभा क्षेत्र के गांव दरियापुर के ग्रामीणों को आजादी के बाद से ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब नाबार्ड योजना से इस गांव को संपर्क मार्ग से जोड़े जाने की कवायद शुरू की गई है। विधानसभा परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह चौधरी ( भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ) एवं सैयद जफर इस्लाम पूर्व राज्यसभा सांसद की ओर से ( सांसद आदर्श ग्राम योजना दो के अंतर्गत अंगीकृत ) दिए गए प्रस्तावों को हरी झंडी मिल गई है।इस गांव को जोड़ने के लिए भगवानपुर रैनी की ओर से 900 मीटर एवं गांव दरियापुर की ओर 3.250 किलोमीटर का मार्ग बनाया जाएगा। इसके अलावा रामगंगा नदी पर 58.12 मीटर लंबाई के लघु सेतु की लागत सहित कुल लागत रुपये 874.81 लाख का शासन को पत्र प्रेषित किया जा चुका है। जिस पर विभागीय वित्त समिति ने 27 जुलाई को अपना अनुमोदन प्रदान भी कर दिया। परियोजना की स्वीकृति प्रदान होने के उपरांत प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग निर्माण कार्य से संबंधित कार्रवाई शुरू करेगा। परियोजना की स्वीकृति होने से प्रत्येक वर्ष कांवड़ मेले के दौरान भी हजारों की संख्या में कांवड़ियों को मुरादाबाद जाने के लिए करीब पांच किलोमीटर कम दूरी का मार्ग भी उपलब्ध हो सकेगा।स्कूली छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने के लिए और मरीजों को वर्षा काल में होने वाली हानि से बचने के लिए पुल एवं सड़क का निर्माण उपयोगी साबित होगा। इस परियोजना की स्वीकृति से करीब 3000 ग्रामवासियों को फायदा मिलेगा। यह जानकारी भाजपा के प्रभारी संजय ढाका ने दी। कहा कि पूर्व राज्यसभा सदस्य और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के प्रयासों से यह संभव हो पाया है।

# जिलाधिकारी ने धीमी कार्य प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, विशेष प्रयास कर कार्य प्रगति बढ़ाने के दिए निर्देश



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर जल जीवन मिशन की बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्य करने वाली विभिन्न एजेन्सियों से फीडबैक लेते हुए कार्य प्रगति धीमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत काम करने वाली टीमें विशेष प्रयास कर अपने कार्य की लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एजेंसियां गांव के क्रियाशील ग्रामीणजन, पंचायत सहायक, कृषि विभाग के कर्मचारी, लेखपाल, प्रधान आदि लोगों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। जिलाधिकारी ने कार्यदायीं संस्थाओं को कार्ययोजना बनाकर तथा मैनपॉवर, मशीनरी में बढ़ोत्तरी कर कार्य करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन में कार्य करने वाली एजेन्सियों द्वारा धीमी गति से कार्य करने पर कार्य प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पाइप लाइन डालते समय लोगों की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाये। उन्होंने एक्सईन ग्रामीण को निर्देश दिये कि सभी कार्य करने वाले एजेन्सियों की प्रगति रिपोर्ट नियमित प्रस्तुत करें तथा समय से काम न कर पाने वाली संस्थाओं को नोटिस जारी करें।

जिलाधिकारी ने कार्यदायीं संस्थाओं को निर्देश दिए कि गामीणजन को समय-समय पर जल जीवन मिशन के बारे में अच्छे से जागरुक करते रहें। बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम फराहीम अहमद, टी0के0सी0एल0सी0 इन्फ्रा के प्रतिनिधि, एन0के0जी0 के प्रतिनिधि, एल0एन0सी0 इन्फ्रा सहित अन्य कार्यदायीं संस्थाओं के प्रतिनिधिगण एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें

# हाईस्कूल फेल, पत्नी संग जयपुर में रहता था आतंकी अहमद रजा



मुरादाबाद- आतंकवाद निरोधक दस्ता ( एटीएस-एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) द्वारा गिरफ्तार किए गए आतंकी अहमद रजा उर्फ शाहरुख उर्फ मोहिउद्दीन हाईस्कूल फेल है। ग्रामीणों के मुताबिक, उन्हें जानकारी है कि अहमद रजा पत्नी संग राजस्थान के जयपुर में रहकर किसी मदरसे में पढ़ाता था। वैसे मिलक गुलड़िया गांव वाले अहमद रजा को सीधा-सादा होना बताते हैं। इसकी गिरफ्तारी की खबर सुनने के बाद गांव के लोग भी हैरान हैं।

**■ आतंकी साजिश : ग्रामीण बोले- उम्मीद नहीं थी कि रजा हिज्बुल मुजाहिदीन से जुड़ा**

अहमद रजा तीन भाई है और उसके तीन बहनें हैं। भाइयों में अहमद रजा दूसरे नंबर का है। तीन बहनों में दो विवाहित हैं, जबकि एक छोटी बहन माता-पिता के साथ रहती है। बड़ा भाई सद्दाम और उसकी पत्नी रामपुर में डॉक्टरी करते हैं, जबकि छोटा भाई जुनेद बड़े भाई के साथ रहकर कोचिंग कर रहा है। दो बहनें विवाहित हैं। मूंढापांडे थाना प्रभारी दीपक मलिक ने बताया कि इंटरनेट पर वायरल हो रहे एटीएस के प्रेस नोट से अहमद रजा के आतंकी और गिरफ्तार होने की जानकारी मिली है। जिस पर उन्होंने गांव में पुलिस टीम भेजकर अहमद रजा और उसके परिवार के बारे में जानकारी जुटाई। अहमद का पिता फिरासत मूंढापांडे थाने का हिस्ट्रीशीटर है। इसके विरुद्ध कई केस दर्ज हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि गांव में उन्हें पता चला है कि अहमद रजा हाईस्कूल फेल है लेकिन, पत्नी संग जयपुर में कहीं रह रहा था और वहीं किसी मदरसे में पढ़ाता था।

गांव में लोगों ने बताया कि, बचपन से अहमद रजा ने मदरसे से पढ़ाई पूरी की है। उसकी मां गुड्डो ने भी थाना प्रभारी की बात दोहराते हुए बताया कि उनका बेटा अहमद अपनी पत्नी आसमां और एक साल की बेटी के साथ ही जयपुर में मदरसे में पढ़ा रहा था। पड़ोसियों के मुताबिक, वह पत्नी और बच्चों संग जयपुर से कई बार गांव में आ चुका है। लेकिन, बहुत समय तक वह घर में नहीं रुकता था। ग्रामीण अहमद रजा के आतंकी गतिविधियों में शामिल होने से बेखबर हैं। वे कहते हैं कि उन लोगों को उम्मीद भी नहीं थी कि जयपुर में रहकर रजा कुछ ऐसा भी करता होगा, वह हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़कर देश विरोध गतिविधियों में लगा होगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के पश्चात् तैयार की गई मतदाताओं के संशोधन प्रस्ताव की सूची के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मतदेय स्थलों का ड्राफ्ट पब्लिकेशन होने वाला है, 08 अगस्त को इसका पब्लिकेशन होगा, उसके बाद अनन्तिम पब्लिकेशन होगा उसमें आपत्तियां मांगी जाएंगी। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदेय स्थलों के बारे में सुझाव मांगे गये। जिलाधिकारी ने बताया कि बीएलओ द्वारा डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है तथा यह सर्वे 21 जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि ड्राफ्ट पब्लिकेशन वोटर लिस्ट 17 अक्टूबर को किया जाएगा। इसके बाद दावें आपत्तियां 21 नवम्बर तक ली जाएंगी और 05 जनवरी को वोटर लिस्ट का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वोटर्स को किसी भी तरह की असुविधा न होने पाये इसका भरपूर प्रयास किया जा रहा है। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर मणि अरोरा, उपजिलाधिकारी कांठ नरेन्द्र सिंह, अपर नगर मजिस्टेªट द्वितीय, तहसीलदार सदर, बिलारी, ठाकुरद्वारा सहित महानगर अध्यक्ष भाजपा धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा, बी0एस0पी0 जिला अध्यक्ष सुनील आजाद, समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव मुदासिर खान आदि राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# नैनीताल के होटल में शव मिलने का मामला- इरम-गुलजार के बीच था विवाद, दोनों ने किया था दूसरा निकाह



मुरादाबाद- कटघर थाना क्षेत्र के रहमत नगर करूला गली नंबर चार निवासी इरम का शव नैनीताल के तल्लीताल स्थित एक होटल में मिला है। वह अपने पति मुहम्मद गुलजार के साथ 31 जुलाई को होटल में गई थी। इसके बाद पति दवा लेने के बाद पत्नी इरम को छोड़कर गायब हो गया था। वहीं इस मामले की सूचना के बाद मुहम्मद गुलजार के परिवार के लोग भी घर छोड़कर गायब हो गए हैं। कटघर थाना क्षेत्र के रहमत नगर करूला गली नंबर चार निवासी इरम का शव नैनीताल स्थित एक होटल में मिला है। वह अपने पति मुहम्मद गुलजार के साथ 31 जुलाई को होटल में गई थी। इसके बाद पति दवा लेने के बाद पत्नी इरम को छोड़कर गायब हो गया था। वहीं इस मामले की सूचना के बाद मुहम्मद गुलजार के परिवार के लोग भी घर छोड़कर गायब हो गए हैं। करूला के गली नंबर चार निवासी गुलजार की पंडित नगला में लकड़ी की फैक्ट्री है। साल 2021 में गुलजार की इरम से मुलाकात हुई थी। दोनों में बातचीत के बाद निकाह कर लिया था। हालांकि, निकाह से पहले गुलजार की पहली पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। वहीं इरम ने भी अपने अमरोहा निवासी पति को छोड़ दिया था।

## तीन माह पहले दर्ज कराई थी दुष्कर्म की प्राथमिकी

निकाह के बाद इरम और मुहम्मद गुलजार के बीच भी विवाद होने लगा था। स्थानीय लोगों के मुताबिक करीब तीन माह पूर्व इरम ने अपने पति के खिलाफ मुगलपुरा कोतवाली में दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कराई थी,

लेकिन बाद में दोनों ने समझौता करके एक साथ रहने लगे थे। हालांकि, इस विवाद के बाद दोनों के रिश्ते सामान्य नहीं थे। ऐसे में आशंका है कि गुलजार बहाने से पत्नी इरम को नैनीताल घुमाने ले गया हो, इसके बाद हत्या की घटना को अंजाम दिया। इस मामले कटघर सीओ डाक्टर गणेश गुप्ता ने बताया कि इस मामले में अभी उत्तराखंड पुलिस के द्वारा उनसे संपर्क नहीं किया गया है। मामले की जानकारी मिलने नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सावन माह में शराब की दूकानें बंद करो, मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे शिव सैनिक, दी चेतावनी




मुरादाबाद- शिव सैनिक सावन मास में कांवड़ियों के लिए सड़कों की साफ-सफाई और गड्ढे सही कराने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर पांच घंटे तक भूख हड़ताल पर बैठे। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसीएम को सौंपा।

शुक्रवार को जिला प्रमुख डा.रामेश्वर दयाल तुरैहा के साथ शिव सैनिकों ने कलेक्ट्रेट के बाहर भूख हड़ताल की। एसीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि पवित्र मास में कांवड़ियों के शिविर लगाकर भोजन की व्यवस्था कराई जाए और स्वास्थ्य के लिए शिविर लगाए जाए। मदिरा की दुकानें पूरी तरह से बंद रहनी चाहिए।महानगर प्रमुख गुड्डू सैनी ने कहा कि प्रशासन ने महानगर में 500 से अधिक मीट दुकानदारों की दुकानें बंद करा कर उनके परिवार के पेट पर लात मारने का काम किया है। जबकि शराब, गांजा, भांग आदि की दुकानें खुल रही हैं। दुकानों पर प्रिंट रेट से 10 रुपये अधिक में शराब बेची जा रही है। पिछले सप्ताह भी शिव सैनिकों ने कांवड़ियों के लिऐ सड़कों की सफाई, गड्ढा मुक्त सड़क, भोजन व स्वस्थ शिविर लगाने, शराब की दुकानें बंद करने को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक भूख हड़ताल पर रहे। ऐलान किया कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो शिव सैनिक अब कमिश्नर कार्यालय पर अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। भूख हड़ताल में भवानी सेना जिला अध्यक्ष मंजू राठौर, युवा जिला प्रमुख मनोज ठाकुर, युवा महानगर प्रमुख राकेश प्रजापति, जिला प्रमुख व्यापार सेना कासिम मंसूरी, जिला सचिव विजय सेठ, अजय सैनी, राजबाला कश्यप, राजेंद कश्यप, नेमवती चंद्रा, शीला देवी, पंकज प्रजापति, मुकेश वर्मा, बाबू सैनी आदि मौजूद रहे।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छत्तीसगढ़,पंजाब का तेजी से बढ़ता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर-विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करें
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छत्तीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाया

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-अलीगंज- विद्युत विभाग की कार्यशैली से तंग आकर गुरुवार को कस्बा के व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं ने आक्रोश जताया। बिजली अधिकारियों पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए क्षेत्रीय विधायक से शिकायत की। विधायक के आश्वसान के बाद मामला शांत हुआ। कस्बे में वक्त वे वक्त हो रही बिजली चेकिंग एवं चेकिंग के नाम पर की जा रही अवैध वसूली के साथ दिनरात कम वोलटेज और कटौती के चलते व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सैकड़ों बिजली उपभोक्ताओं के साथ आक्रोश व्यक्त किया। सभी पदाधिकारी पालिकाध्यक्ष सुनीता गुप्ता के कार्यालय पहुंच गए। बिजली अधिकारियों के माध्यम से समस्या के संबंध में कोई सुनवाई न होने पर क्षेत्रीय विधायक सत्यापाल सिंह राठौर को बुलाया गया। लोगों ने बिजली चेकिंग के नाम पर अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा की जा रही अवैध वसूली एवं कटौती को रोकने की मांग की गई। लोगों की शिकायतें सुन विधायक ने क्षेत्रीय विद्युत उपखंड अधिकारी सोनू कुमार एवं जेई अर्जुन सिंह को मौके पर बुलाकर दोनों को जमकर खरी खोटी सुनाई। व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद कुमार आर्य ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर नगर की जनता का शोषण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग के अधिकारी लगातार चेकिंग कर अवैध वसूली करने का कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर डॉ. अशोक रतन शाक्य, सूर्यकांत गुप्ता, सुजीत कुमार गुप्ता, सभासद, विकास गुप्ता, राकेश कुमार वर्मा सहित कई उपभोक्ता एवं व्यापारी मौजूद रहे।

# इन ग्राम पंचायतों में बंद पड़े मिले सार्वजनिक शौचालय

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा




एटा- ब्लॉक शीतलपुर, सकीट एवं मारहरा ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में बने सामुदायिक शौचालयों की पड़ताल की। पड़ताल के दौरान शीतलपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मरथरा भगवानदार एवं नगला जगरुप स्थित सामुदायिक शौचालय को देखा। दोनों ग्राम पंचायतों के सामुदायिक शौचालयों में ताले पड़े मिले। ग्रामीणों ने बताया कि जब से शौचालय बने तक से एक बार भी शौचालयों को नही खोला गया। ग्रामीण आज भी खुले में शौंच के लिए जाने को मजबूर है। वहीं सकीट ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुबारिक पुर सराय में बना सामुदायिक शौचालय बंद मिला। संबंधित ग्राम प्रधान सचिन वर्मा ने बताया कि जिस स्थान पर शौचालय बना है। जगह के मालिक ने शौचालय में ताला डाल दिया है। इसके कारण दो महीने से बंद पड़ा है। शौचालय बंद होने से केयर टेकर को मानदेय नहीं दिया जा रहा है। अलीगंज ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बल्लम नगला स्थित सामुदायिक शौचालय बनने के बाद से आज तक बंद पड़ है। जबकि नजदीक प्राथमिक विद्यालय भी है। शौचालय बंद होने से क्षेत्र के लोगों को शौच के लिए असुविधा हो रही है। ग्राम पंचायत लुहारी गवी के नगला नौगजा स्थित सामुदायिक शौचालय बनने के बाद से आज तक बंद पड़ा है। ग्राम प्रधान शंभू दयाल ने बताया कि शौचालय निर्माणाधीन है। सचिव से शौचालय का पूर्ण निर्माण कराने एवं चालू कराने के लिए कहा गया है।

# असाध्य बीमारियों से बचाने के लिए लोगों की निस्वार्थ कर रहे खुलकर मदद

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा- एटा में लायंस क्लब इंटरनेशनल के जोन चेयरपर्सन अनुज चौहान सरकार की योजनाओं के माध्यम से असाध्य बीमारियों से बचाने के लिए लोगों की निस्वार्थ कर रहे खुलकर मदद, अक्सर कर गंभीर और असाध्य बीमारियों को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए लोगों से अकसरकर अपील करते देखे जाते है, जिले के लोग लायंस क्लब इंटरनेशनल के जोन चेयरपर्सन अनुज चौहान के इन नेक कार्यों की जिले के लोग जमकर प्रशंशा कर रहे है, लायंस क्लब जोन चेयरपर्सन अनुज चौहान सरल स्वभाव के मृदुभाषी और समाजसेवी के अलावा लोगो की जन समस्याओं को लेकर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से उनकी समस्याएं को निस्तारण कराकर लोगों की निस्वार्थ भाव से मदद करते देखे जाते है, उन्होंने जिले के सैकड़ों टीवी के रोगियों और अन्य कई गंभीर बीमारियों के मरीजों को गोद लेकर उनकी देखरेख और उनके घर पोषण,दवाइयां पहुंचाकर निस्वार्थ जन सेवा कर रहे है, कोविड पीरियड में भी उन्होंने और उनके संगठन ने बिना फोटो खिचाए हजारों लोगों को ऑक्सीजन लेवल स्ट्रूमें,वीपी स्ट्रूमेंट,शुगर चेक स ट ृ म े न ट ,दवाइयां,बीमार,गरीब, असहाय लोगों को वितरित करते हुए भोजन और दवाई उपलब्ध कराकर की थी जन सेवा, एटा में अनुज चौहान एक फ़सामान्य परिवार से आते हैफ़ पर उनकी सोच बड़ी दिखती है, आज एक बड़े समाज सेवी के रूप में निस्वार्थ सेवा भाव करते हुए लोगों के बीच जिले में एक अलग पहचान बनाई है।

# अनोखा विरोध प्रदर्शन- गांव भवंरखोह के युवाओं ने कीचड़ से भरी सड़क पर ही कर दी धान की रोपाई

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर-ओड़गी- सूरजपुर जिले के ओड़गी विकास खंड अन्तर्गत गांव भवंरखोह में कीचड़ भरी सड़क से परेशान युवाओं ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। गांव के मुख्य रास्ते से लेकर पंडोपारा (झगराहीपारा) तक गुस्साए युवाओं ने कीचड़ भरी सड़क पर ही धान की रोपाई कर अपना गुस्सा जाहिर किया। युवाओं का कहना है कि उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। ऐसे में मजबूरन उन्हें कीचड़ भरी सड़क पर धान की रोपाई कर अपना गुस्सा जाहिर करना पड़ रहा है। स्थानीय युवाओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह सड़कों पर उतरकर लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे जिसके जिम्मेदार अधिकारी होंगे।

## ग्राम पंचायत का कहना मुरम डालने करने के लिए पैसा नहीं

बता दें कि ओड़गी विकास खंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत भवंरखोह में मुख्य मार्ग से संतोष घर तक मनरेगा तहत् कच्ची सड़क का निर्माण कराया गया था जिसमें नयी मिट्टी डाली गई थी. जब बारिश का मौसम नहीं आया था तभी ही गर्मी के समय युवाओं के द्वारा ग्राम पंचायत के सचिव को मौखिक रूप से सड़क पर मुरम डालने के लिए कहा गया जिस पर उन्होंने कहा कि हमारे पास मुरम डालने के लिए बजट (पैसा) नहीं है. दिन बीतता गया और बरसात का मौसम आ गया. जिससे बारिश में सड़क का हाल ऐसा हो गया कि ग्रामीणों का उस मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया. वाहन भी सड़क पर फंस रहे हैं। बारिश के समय हालत ऐसा हो गया कि पूरा कीचड़ ही कीचड़ जिससे युवाओं ने धान की रोपाई कर दी. इस मौके पर भाजयुमो मीडिया प्रभारी ओड़गी प्रियंशु यादव, सोनसाय, अकलसाय, नंदलाल व युवाबंधु उपस्थित रहे.

# टैक्सी कार की लूट की सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण, दो अभियुक्त लूटी हुई कार, नगदी एवं अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-थाना बागवाला पुलिस को मिली सफलता, थाना बागवाला पुलिस द्वारा 1 दिन पूर्व टैक्सी कार की लूट की सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण, दो अभियुक्त लूटी हुई कार, नगदी एवं अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार। घटना का विवरण - दिनांक 03.08.2023 को वादी श्री महेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 श्री गोपाल सिंह निवासी आलम नगर थाना बहादुरगढ़ जिला हापुड द्वारा थाना बागवाला पर इस आशय की सूचना दी गई कि दिनांक 02.08.2023 को वादी अपनी वैगन-आर कार (टैक्सी नंबर - डीएल 1 आरटी बी 5780) को लेकर गुड़गाँव राजीव चौक पर खड़ा था। राजीव चौक गुड़गाँव हरियाणा से 2 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कुरावली जनपद मैनपुरी जाने के लिए 5700 रुपये में उसकी टैक्सी बुक की। जब यादी उन लोगों को लेकर हरनावली से आगे सत्तारपुर तिराहे थाना बागवाला जनपद एटा के पास पहुंचा तो दोनों व्यक्तियों ने वादी की गाड़ी रुकवाकर वादी को धक्का देकर गाडी से नीचे उतार दिया और धमकी देकर उसकी गाड़ी छीन कर भाग गए। इस सूचना पर थाना बागवाला पर मुअसं 191 / 2023 धारा 392 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी का विवरण - उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा थाना बागवाला स्तर पर दो टीमों का गठन कर घटना के शीघ्र सफल अनावरण हेतु लगाया गया, दिनांक 04.08.2023 को थाना बागवाला पुलिस द्वारा उक्त घटना में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को लूटी गई कार एवं दो अवैध तमंचा एवं चार जिंदा कारतूस सहित घुमरी बॉर्डर नगला रंजीत के मंदिर के पास से समय करीब 01.30 बजे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# सपा नेता शिवपाल व एक युवक ने किया गैंगरेप,तमंचे के बल पर आरोपीयों ने घटना को दिया अंजाम

क्यूँ न लिखूँ सच-निशाकांत शर्मा

एटा- जैथरा, । समाजवादी पार्टी से नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव लड़ चुके युवक ने साथी संग मिलकर महिला से गैंगरेप किया। तमंचे के बल पर आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। पति के घर लौटने के बाद पीड़िता ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना जैथरा के एक मोहल्ला निवासी पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि पति अन्य प्रदेश में ट्रक चलाते हैं। वह किराये पर रहकर बच्चे को पढ़ा रही है। आरोप है कि बुधवार रात को करीब दस बजे शिवपाल सिंह यादव और साथी ओमसरन निवासी मोहल्ला नेहरूनगर थाना जैथरा आ धमके। तमंचा दिखाकर दोनों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। आरोपियों के जाने के बाद पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। गुरुवार को भाई के साथ पीड़िता थाने पहुंची। उसने दो आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। बता दें कि आरोपी शिवपाल सिंह नगर पंचायत जैथरा में सपा से अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ चुका है। दो बार चुनाव लड़ा है। एसएचओ फूल चंद्र का कहना है कि जांच की जा रही है। पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी व पीड़िता आपस में रिश्तेदार भी बताए जा रहे हैं

# अंतर्जनपदीय गिरोह का शातिर बदमाश 25000 का इनामिया अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-जनपदीय पुलिस को मिली बड़ी सफलता, थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत हुई सीमेंट व्यापारी के साथ लूट की घटना में वांछित चल रहा अंतर्जनपदीय गिरोह का शातिर बदमाश ?25000 का इनामिया अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार। दिनांक 03/04.08.2023 की रात्रि में समय करीब 12.05 बजे थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम को शिवसिंहपुर तिराहे से आगे शीतलपुर रोड पर ग्रांड चैकिंग के दौरान एक सफेद अपाचे मोटर साइकिल पर गंजडुंडवारा रोड की तरफ से आते हुए दो व्यक्तियों को पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया

